# Valmet की आचार संहिता



# वाल्मेट (Valmet) की आचार संहिता

## वाल्मेट के प्रेसिडेंट और सीईओ का संदेश

### ईमानदारी के साथ सकारात्मक प्रभाव डालना

वाल्मेट में हम नवीकरणीय संसाधनों को परिवर्तित कर और औद्योगिक प्रक्रियाओं को भरोसेमंद व दक्ष बनाकर स्थाई नतीजे लाते हैं। हम ऐसे नतीजे पैदा कर दुनिया पर सकारात्मक, स्थायी प्रभाव डालने का प्रयास करते हैं, जो न केवल आज बल्कि भविष्य में भी फायदेमंद साबित होंगे। हमारे व्यवसाय करने के तौर-तरीके के केंद्र में गहरी सत्यनिष्ठा हमेशा से रही है। हम चाहते हैं कि वाल्मेट एक भरोसेमंद साझेदार बने, जो सभी व्यापार में ईमानदार व निष्पक्ष होने के लिए जाना जाता है।

यह तय करने के लिए कि हम इस उम्मीद पर खरा उतरें और सही ढंग से काम करें, हमारे पास वाल्मेट की आचार संहिता मौजूद है। इसमें हमारी प्रतिबद्धताएं, मूल्य, अपेक्षाएं और नियम शामिल हैं, जिनका वाल्मेटियर्स (Valmeteers) और हमारे व्यवसाय साझेदारों को पालन करना चाहिए। इससे हम स्थाई, नैतिक व कानूनी रूप से अनुपालन करने वाला व्यवसाय चला पाते हैं। जब बात हमारी आचार संहिता के संचालन की आती है, तो यकीन मानिए हम कोई समझौता नहीं करेंगे। इस संबंध में, मैं बेमिसाल काम करूंगा और सभी वाल्मेटियर्स को उसे जानना और समझना चाहिए और इसे अपने रोजमर्रा के कामों में लागू करना चाहिए। वाल्मेट की आचार संहिता विश्व स्तर पर, हर जगह, रोजाना हम सभी पर लागू होती है।



अगर आपके मन में हमारी आचार संहिता से संबंधित कोई प्रश्न या चिंता हो, तो कृपया बताएं। हम एक खुली संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, जिसमें किसी भी शंका पर चर्चा की जा सकती है। ख़ासकर अगर आप देखते हैं कि हमारी आचार संहिता का पालन नहीं किया जाता है, तो मैं आपको ट्रस्टलाइन (TrustLine) समेत कंपनी के तमाम चैनलों के जरिए आपकी चिंताओं को उठाने के लिए दिल से प्रोत्साहित करता हूं।

आपको धन्यवाद कि आप हमारे निरंतर आगे बढ़ते रहने का ध्यान रखते हैं।

**थॉमस हिनर्सकोव (THOMAS HINNERSKOV)**
प्रेजसिडेंट एवं सीईओ
वाल्मेट

# विषय-वस्तु

4 हमारी प्रतिबद्धताएं

- निष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता
- हमारे मूल्य
- अन्तरराष्ट्रीय सिद्धान्त

8 व्यावसायिक सिद्धान्त

- कानूनों और विनियमों का अनुपालन
- निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा
- खुला एवं सच्चा संचार
- बौद्धिक संपदा और कंपनी परिसंपत्तियां
- डेटा निजता
- भ्रष्टाचार और घूसखोरी को अस्वीकार करना
- व्यापार अनुपालन

16 जन, समाज एवं पर्यावरण

- मानवाधिकारों का सम्मान
- समान अवसर, विविधता एवं समावेशन
- सम्मानजनक कार्यस्थल
- स्वास्थ्य, सुरक्षा और हित-कल्याण की रक्षा करना
- जनसंपर्क मामले
- सामुदायिक सहभागिता और प्रायोजन
- परिचालनों की पर्यावरणीय दक्षता
- उत्पादों व सेवाओं में जलवायु और चक्रिलता
- उत्पाद और सेवा की गुणवत्ता
- सतत आपूर्ति श्रृंखला

27 कदाचार को रिपोर्ट करना

इस आचार संहिता को Valmet के निदेशक मंडल (बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स) द्वारा अनुमोदित किया गया है और यह हमारे सभी कर्मचारियों व बाह्य भागीदारों पर लागू होती है। इस आचार संहिता और हमारी नीतियों का कोई भी उल्लंघन अनुशासनात्मक कार्रवाई का कारण बन सकता है। हम उन व्यक्तियों के विरुद्ध किसी भी प्रकार के प्रतिशोध को सहन नहीं करते हैं जो सद्भावपूर्वक अपनी चिंताओं/सरोकारों को व्यक्त करते हैं या संभावित उल्लंघनों की जांच-पड़ताल में सहायता करते हैं।




# हमारी प्रतिबद्धताएं

# निष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता

Valmet के लिए निष्ठा का अर्थ है - सत्यता एवं सुदृढ़ नैतिक सिद्धान्त। हम अपनी नीतियों, वादों और प्रतिबद्धताओं का सम्मान करते हैं। हम सभी आचरणों/सौदों में सत्यनिष्ठ और निष्पक्ष हैं। हमारे सभी कार्यकलापों, निर्णयों, कथनों और संचारों के लिए निष्ठा मूल सिद्धान्त है।

## नैतिक निर्णय-सृजन तंत्र

Valmet का नैतिक निर्णय-सृजन तंत्र हमें सही विकल्प बनाने में तब सहायता करता है जब हम संभावित कार्यवाही/क्रियाविधि में संभावित नैतिकता या अनुपालन प्रश्न का सामना कर रहे हों। हमें सदैव कोई भी कार्य करने से पहले सोच-विचार करना चाहिए और जब हम सुनिश्चित न हों तो मार्गदर्शन लेना चाहिए।

कार्य करने से पहले निम्नलिखित प्रश्नों पर विचार करें:

- क्या यह कार्य Valmet के मूल्यों व नीतियों के अनुरूप है?
- क्या यह कार्य अथवा निर्णय विधिसम्मत (वैध) है?
- क्या मेरे पास पर्याप्त जानकारी या सूचना है?
- क्या इस निर्णय या कार्य का सार्वजनिक होना लज्जाजनक होगा?



# हमारे मूल्य

Valmet के साझा मूल्य Valmet में हमारे द्वारा किये जाने वाले सभी कार्यों का आधार निर्मित करते हैं, और वे हमारी आचार संहिता का ठोस समर्थन करते हैं।

हमारे मूल्य हमारे व्यवहार को मार्गदर्शित करते हैं एवं गढ़ते हैं और हमें हमारे ध्येय, कार्यनीति, Must-wins और दूरदृष्टि – **Valmet's Way Forward अर्थात Valmet के समाधान-पथ से जोड़ते हैं।**



ग्राहक

हम अपने ग्राहकों के कार्य-प्रदर्शन को आगे बढ़ाते हैं।

**नवीनीकरण**

हम भविष्य-सृजन के लिए नव-विचारों को प्रोत्साहित करते हैं।

उत्कृष्टता

हम परिणाम प्रदान करने के लिए हर दिन सुधार करते हैं।

लोग

हम परिवर्तन लाने के लिए मिल-जुलकर कार्य करते हैं।

हमारे मूल्य हमारे मैनेजर एवं कर्मचारी की भूमिकाओं से समर्थित होते हैं, जो व्यवहारों को स्पष्ट करने वाले कार्य-प्रदर्शन को प्रेरित करते हैं, जुड़ाव को बढ़ावा देते हैं तथा व्यक्तिगत एवं मैनेजर के दृष्टिकोण से विकास को संबल प्रदान करते हैं। इन भूमिकाओं का पालन करके, हममें से हर एक जन Valmet की सफलता में योगदान दे सकता है।

# अन्तरराष्ट्रीय सिद्धान्त

प्रौद्योगिकी तथा सेवाओं के एक विश्वव्यापी प्रदायक के रूप में, Valmet विश्व भर के अनेक समुदायों पर प्रभाव छोड़ता है। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि हमारे सभी परिचालन एक उत्तरदायी व वैश्विक रूप से संरेखित ढंग से कार्यान्वित किए जाते हों। हम निम्नलिखित अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों और दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जैसे कि:

- संयुक्त राष्ट्र (UN) के वैश्विक सघन एवं सतत विकास लक्ष्य
- संयुक्त राष्ट्र (UN) की मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा
- संयुक्त राष्ट्र (UN) के व्यवसाय एवं मानवाधिकारों पर मार्गदर्शक सिद्धांत
- अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की कार्य पर मौलिक सिद्धांतों एवं अधिकारों पर घोषणा
- आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) के बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए दिशानिर्देश



# व्यावसायिक सिद्धान्त





# कानूनों और विनियमों का अनुपालन

- हम लागू सभी राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय कानूनों और विनियमों के पूर्ण अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम कानूनों और विनियमों और इस आचार संहिता के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध सर्वोत्तम विशेषज्ञों को खोजते हैं और उनसे परामर्श करते हैं।
- हम यह भी अपेक्षा करते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्ता/प्रदायक, वितरक, एजेन्ट, परामर्शदाता तथा अन्य व्यापारिक भागीदार लागू सभी कानूनों और विनियमों का पूरी तरह से पालन करें।

## क्या करें और क्या न करें:

- आप जिन परिचालनों में कार्य करते हैं और जिन्हें लीड करते हैं उनके लिए लागू कानूनी आवश्यकताओं के साथ अद्यतित रहें।
- एक-दूसरे से, हमारे आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों, एजेन्ट, परामर्शदाताओं तथा अन्य व्यापारिक भागीदारों से कानूनों व विनियमों के प्रति किसी भी अनादर/उल्लंघन को स्वीकार न करें।

# निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा

- हम निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और मुक्त बाज़ारों का समर्थन करते हैं और इसे सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं, और इस प्रकार हम ऐसी किसी भी गतिविधि में सहभागिता नहीं करते हैं जो प्रभावी प्रतिस्पर्धा को बाधित या प्रतिबंधित कर सकती हो।
- हम प्रतिस्पर्धियों के साथ मूल्य निर्धारण, बाज़ार हिस्सेदारी या अन्य समान गतिविधियों के संबंध में चर्चाएं करना अथवा समझौते करना अस्वीकार करते हैं।
- हम यह सुनिश्चित करते हैं कि ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों और अन्य व्यापारिक भागीदारों के साथ सभी समझौते लागू प्रतिस्पर्धा कानूनों के अनुरूप हों।

## क्या करें और क्या न करें:

- हम जिन देशों में कार्य करते हैं उन देशों के प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन करें और हमारे प्रतिस्पर्धा कानून दिशानिर्देशों का अनुपालन करें।
- प्रतिस्पर्धियों के साथ संवेदनशील व्यावसायिक जानकारी पर चर्चा या उनका आदान-प्रदान न करें।



# खुला एवं सच्चा संचार

- हम अपने हितधारकों को एक साथ और समान रूप से, किसी भी समूह या व्यक्ति के लिए वरीयता अथवा पक्षपात के बिना, हमारी वस्तु-स्थिति और कार्य-प्रदर्शन संबंधी पारदर्शी जानकारी प्रदान करते हैं।
- हम कानूनों, स्टॉक एक्सचेंज के नियमों और विनियमों तथा इक्विटी व ऋण पूंजी बाज़ारों के स्वीकृत कार्य-व्यवहारों के अनुपालक हैं।
- हम एक सूचीबद्ध कंपनी के वित्तीय लेखांकन एवं रिपोर्टिंग को नियंत्रित करने वाले सभी लागू कानूनों व विनियमों का अनुपालन करते हैं तथा सटीक एवं सुसंगत जानकारी के प्रकाशन को सुनिश्चित करने हेतु समुचित आन्तरिक नियंत्रण बनाए रखते हैं।

## क्या करें और क्या न करें:

- Valmet के शेयर्स या किसी अन्य कंपनी के शेयर्स की ट्रेडिंग करते समय प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आन्तरिक या भेदिया जानकारी का उपयोग न करें।
- अफ़वाहों या अन्य असत्यापित जानकारी का प्रचार-प्रसार न करें और न ही उस पर कोई टीका-टिप्पणी करें।
- तथ्यों या वित्तीय आंकड़ों को किसी भी तरह से गलत तरीके से प्रस्तुत न करें।



# बौद्धिक संपदा और कंपनी परिसंपत्तियां

- हम ज्ञान एवं बौद्धिक संपदा के सृजन और संरक्षण को महत्व देते हैं।
- हम Valmet की बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिए कार्य करते हैं और इसके किसी भी अनधिकृत ऐक्सेस को अनुमत नहीं करते हैं।
- हम अन्य पक्षों की बौद्धिक संपदा का सम्मान करते हैं और अवैध तरीक़ों से इसे हासिल करने का प्रयास नहीं करते हैं।
- हम गोपनीय जानकारी, सूचना प्रणालियों और प्रौद्योगिकी, तथा Valmet की भौतिक परिसंपत्तियों को हानि, चोरी और उनके दुरुपयोग से सुरक्षित रखते हैं।

## क्या करें और क्या न करें:

- हमारी IT उपयोग नीति तथा बौद्धिक संपदा नीति का अनुपालन करें।
- किसी भी प्रकार की संवेदनशील अथवा गोपनीय जानकारी को सावधानी से प्रबंधित करें।
- Valmet की परिसंपत्तियों का उपयोग स्वयं के निजी प्रयोजनों के लिए न करें।





# डेटा निजता

- हम व्यक्तिगत डेटा को प्रासंगिक कानूनों तथा कंपनी के सिद्धांतों के अनुपालन में प्रबंधित कर व्यक्तियों की निजता का सम्मान करते हैं।
- हम निजता संबंधी विनियमों से अवगत हैं और केवल प्रासंगिक व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए ही व्यक्तिगत डेटा एकत्र व संसाधित करते हैं।

## क्या करें और क्या न करें:

- व्यक्तिगत डेटा को केवल तर्कसंगत और वैध प्रयोजनों के लिए ही संसाधित व संग्रहीत करें।
- व्यक्तिगत डेटा का प्रबंधन सदैव सावधानी के साथ करें।
- अनधिकृत ऐक्सेस, हेर-फेर और हानि के विरुद्ध समुचित सुरक्षा उपायों के साथ व्यक्तिगत डेटा का संरक्षण करें।

# भ्रष्टाचार और घूसखोरी को अस्वीकार करना

- हम भ्रष्टाचार और घूसखोरी के सभी रूपों के प्रति शून्य-सहनशीलता रखते हैं।
- हम सभी लागू भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों व विनियमों के अनुरूप अपनी गतिविधियां संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हमें अपने ग्राहकों, वितरकों, एजेन्ट, आपूर्तिकर्ताओं/प्रदायकों और अन्य व्यापारिक भागीदारों को जानना आवश्यक होता है और ऐसे व्यापारिक भागीदारों के साथ व्यापार नहीं करना चाहिए जो भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों व विनियमों का पूर्णतया अनुपालन नहीं करते हैं।
- हम हितों के टकराव से बचते हैं।
- हम किसी भी परिस्थिति में विश्व भर के अपने परिचालनों में धन-शोधन (मनी लॉन्डरिंग) या आतंकवादी व आपराधिक गतिविधियों के वित्तपोषण में सहभागिता नहीं करते हैं अथवा उनका समर्थन नहीं करते हैं।

## क्या करें और क्या न करें:

- हमारी "भ्रष्टाचार-रोधी नीति" तथा "अपने व्यापारिक साझेदार को जानें नीति" का पालन करें।
- व्यापारिक भागीदारों को सामान्य मानकों से अधिक के उपहार अथवा आतिथ्य की पेशकश और वादा न करें, और न ही उनसे स्वीकार करें।
- घूस, रिश्वत (किकबैक) या अन्य अवैध भुगतान या छूटें न दें और न ही स्वीकार करें।
- प्राधिकारियों से किसी अनुकूल निर्णय या सेवाओं संबंधी सुविधा के लिए कोई भुगतान न करें।
- ऐसे व्यावसायिक संबंधों में संलिप्त न हों जिससे हितों का टकराव हो सकता हो – अगर आपका निजी जीवन या संबंध आपके निर्णयन को प्रभावित कर सकता है, तो अपने मैनेजर से परामर्श करें, सुनिश्चित करें कि कोई ऐसा सहयोगी निर्णय ले और प्रक्रिया को रिकॉर्ड करे जिसका आपके साथ कोई सबंध नहीं है।

# व्यापार अनुपालन

- हम सभी लागू व्यापार प्रतिबंध और निर्यात नियंत्रण कानूनों तथा विनियमों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम उन पक्षों के साथ लेन-देन नहीं करते हैं जो व्यापार प्रतिबंधों के अधीन आते हैं।
- हम वस्तुओं का निर्यात यथालागू निर्यात नियंत्रणों के अनुरूप करते हैं और आवश्यक होने पर लाइसेन्स और प्राधिकार प्राप्त करते हैं।

## क्या करें और क्या न करें:

- सभी लागू निर्यात नियंत्रण कानूनों और विनियमों तथा हमारी "अपने व्यापारिक भागीदार को जानें नीति" का पालन करें।
- व्यापार प्रतिबंधों और निर्यात नियंत्रणों तथा उनसे संबंधित हमारी प्रक्रियाओं संबंधी जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करें।
- यदि आप अनिश्चित हैं अथवा आपको किसी व्यापारिक साझेदार या लेन-देन संबंधी कोई चिंता/सरोकार है तो मार्गदर्शन प्राप्त करें।



# जन, समाज़ एवं पर्यावरण



# मानवाधिकारों का सम्मान

- हम मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा तथा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में यथा उल्लिखित मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं।
- हम बच्चों के अधिकारों की रक्षा करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि हम बाल श्रम या जबरन श्रम में संलिप्त न होते हों।
- हम अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) सम्मेलनों के अनुसार सभी कर्मचारियों और भागीदारों के लिए उपयुक्त कामकाजी परिस्थितियों को प्रोत्साहित करते हैं।
- हम अपने कर्मचारियों की संघ बनाने की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार का सम्मान करते हैं और अपने कर्मचारियों व कर्मचारी प्रतिनिधि निकायों के साथ खुले व सक्रिय संवाद को प्रोत्साहित करते हैं।

## क्या करें और क्या न करें:

- इसे भलीभांति समझें कि मानवाधिकारों का सम्मान करने का क्या अर्थ है और Valmet के मानवाधिकार घोषणापत्र से अवगत रहें।
- हम जहां भी कार्य करते हैं, वहां के स्थानीय जनों और समाजों की स्थानीय संस्कृतियों, रीति-रिवाजों और मूल्यों का सम्मान करते हैं।






# समान अवसर, विविधता एवं समावेशन

- हम कर्मचारियों का चयन और नियुक्ति उनकी व्यक्तिगत अर्हताओं, ज्ञान और संबंधित कार्य के लिए वांछित कौशल के आधार पर करते हैं।
- हम लिंग, आयु, जाति, धर्म, जातीय या राष्ट्रीय मूल, राजनीतिक अभिमत, पारिवारिक वस्तु-स्थिति, यौन अभिमुखता, लिंग पहचान, शारीरिक अक्षमता या कानून द्वारा संरक्षित अन्य अभिलक्षणों के आधार पर कोई भी भेदभाव को सहन नहीं करते हैं।
- हम अपने कर्मचारियों की पृष्ठभूमि, प्रतिभा, अन्तर्दृष्टि, शिक्षा एवं अनुभव में विविधता की सराहना करते हैं, और विश्वास करते हैं कि ऐसा करना हमारे हितधारकों के साथ नवाचारों, लचीलेपन और संवाद करने की क्षमता को बढ़ाकर हमारी सफलता और स्थिरता में योगदान देता है।

## क्या करें और क्या न करें:

- हमारी "समान अवसर और विविधता नीति" का अनुपालन करें।
- विभिन्न पृष्ठभूमियों और कौशलों वाले व्यक्तियों की टीम निर्मित करें।
- एक-दूसरे के साथ बातचीत करते समय सम्मानजनक और समावेशी रहें।

# सम्मानजनक कार्यस्थल

- हम अपने संगठन की सफलता के एक अहम भाग के रूप में टीमवर्क को महत्वपूर्ण मानते हैं। मिल-जुलकर कार्य करने में, हम एक-दूसरे के साथ सम्मान, शिष्टाचार और निष्पक्षता के साथ व्यवहार करते हैं, विचारों को साझा करने के लिए एक स्थान को प्रोत्साहित करते हैं।
- हम उत्पीड़न-मुक्त वातावरण में कार्य करने के हमारे अधिकार को महत्व देते हैं और उसकी रक्षा करते हैं।
- हम किसी कर्मचारी अथवा हमारी व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े किसी भी व्यक्ति के किसी भी ऐसे व्यवहार को सहन नहीं करते हैं जो किसी अन्य व्यक्ति के कामकाज के कार्य-प्रदर्शन को परेशान करता है, धमकाता है, बाधित करता है या उसमें हस्तक्षेप करता है या भयजनक, अपकारक, अपमानजनक या शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण निर्मित करता है।

## क्या करें और क्या न करें:

- हमारी "गैर-भेदभाव और उत्पीड़न-रोधी नीति" का पालन करें।
- अपनी दैनिक गतिविधियों में अन्य व्यक्तियों के विचारों का सम्मान करें।
- उदार एवं विविध दृष्टिकोणों का सम्मान करें, भले ही वे सांस्कृतिक मतभेदों, राजनीतिक मान्यताओं या व्यक्तिगत पहचान के किसी अन्य पहलू से उत्पन्न होते हों।
- दबंगई/धौंस, हिंसा, यौन उत्पीड़न, दंड या किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार समेत किसी भी प्रकार के कदाचार को सहन न करें।



# स्वास्थ्य, सुरक्षा और हित-कल्याण की रक्षा करना

- हम जहां भी परिचालन करते हैं, वहां एक सुरक्षित, स्वस्थ और अच्छी सुप्रबंधित कार्यस्थल के लिए हम सभी जन उत्तरदायित्व को साझा करते हैं।
- हमारा मानना है कि एक सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति, प्रभावी जोखिम प्रबंधन और निरन्तर सुधार में निवेश करके सभी घटनाओं की रोकथाम की जा सकती है।
- हम सुरक्षित रूप से कार्य करके, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा गतिविधियों में भाग लेकर और एक-दूसरे की देखभाल करके "सुरक्षा सर्वोपरि" को प्रदर्शित करते हैं।
- हम मैनेजर्स से यह अपेक्षा करते हैं कि वे आगे बढ़कर पहल करें और सक्रिय रूप से स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्रोत्साहित करें।
- हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे साथ कार्य करने वाले सभी जन हमारी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रतिबद्धताओं तथा आवश्यकताओं का सम्मान करें और उनका अनुसरण करें।

## क्या करें और क्या न करें:

- हमारी स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण नीति (HSE पॉलिसी), जीवन रक्षक नियमों, न्यूनतम सुरक्षा मानकों तथा वैश्विक प्रबंधन प्रणाली (ग्लोबल मैनेजमेन्ट सिस्टम) के साथ स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कानूनों तथा विनियमों का अनुपालन करें।
- अपने दैनिक कार्य में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जोखिमों के साथ-साथ उन कार्यों/क्रियाओं को भी भलीभांति समझें जिन्हें आप उन जोखिमों से बचने के लिए कर सकते हैं।
- सुनिश्चित करें कि आप हर दिन कार्य के लिए फिट हैं।
- ऐसा कोई भी कार्य/क्रिया न करें, जिसके लिए आपको प्रशिक्षित नहीं किया गया है।
- सभी घटनाओं, ज़रा सी चूक के मामलों अथवा सुरक्षा अवलोकनों को रिपोर्ट करें ताकि हम अपने परिचालनों में सुधार कर सकें।





# जनसंपर्क मामले

- हम खुले तौर पर बताते हैं कि हम कौन हैं और हमारे विचार और दृष्टिकोण क्या हैं।
- हम Valmet के परिप्रेक्ष्य से बात करते हैं।
- हम समर्थन-जुटाव में हमारे प्रतिनिधित्व के लिए तृतीय-पक्ष का उपयोग नहीं करते हैं।
- हम अपने विचारों और दृष्टिकोणों को ध्यानपूर्वक तैयार करते हैं और उन्हें हमारी विशेषज्ञता पर आधारित करते हैं जो प्रश्नाधीन विषय संबंधी बात करने की वैधता प्रदान करता है।
- हम अलग-अलग विचारों का सम्मान करते हैं।
- हम राजनीतिक अभ्यर्थियों, राजनेताओं, दलों या राजनीतिक अभियानों को प्रायोजित नहीं करते हैं।

## क्या करें और क्या न करें:

- हमारे जनसंपर्क और समर्थन-जुटाव संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करें।
- किसी भी सार्वजनिक मामले और समर्थन-जुटाव गतिविधियों पर पारदर्शी रहें।
- Valmet की ओर से निर्णयकर्ताओं से बात करने के लिए परामर्शदाताओं, विकासकर्ताओं, आपूर्तिकर्ताओं या समान प्रकार के लोगों का उपयोग न करें।



# सामुदायिक सहभागिता और प्रायोजन

- हम अभिस्वीकार करते हैं कि हमारी बढ़ती वैश्विक उपस्थिति विश्व भर के स्थानीय समुदायों के प्रति हमारे उत्तरदायित्व पर बल देती है।
- हम अपनी सभी इकाइयों और सभी कर्मचारियों को सार्वजनिक हित को प्रोत्साहित करने वाले सामुदायिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हैं।
- हम उन पहलों का समर्थन करते हैं जो Valmet के वैश्विक सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के साथ एकरेखित होती हैं।

## क्या करें और क्या न करें:

- हमारे प्रायोजन और दान के सिद्धांतों का अनुपालन करें।
- राजनीति, धर्म या अन्य वैचारिक संगठनों से संबंधित ऐसी परियोजनाओं या पहलों को प्रायोजित न करें जो विवादास्पद हों।
- राष्ट्रीय या विश्व-स्तरीय प्रतियोगिताओं व पेशेवर खेलों को प्रायोजित न करें।
- ऐसी गतिविधियों को प्रायोजित न करें जो हमारे नीतिमूल्यों से मेल न खाती हों।

# परिचालनों की पर्यावरणीय दक्षता

- हम अपने कार्य के पर्यावरणीय प्रभाव को समझने और अपने पदचिह्न को कम करने का प्रयास करते हैं।
- हम अपने परिचालनों की ऊर्जा, जल और सामग्री की न्यूनतम खपत करते हैं।
- हम प्रदूषण की रोकथाम करते हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए निवारक उपायों को लागू करते हैं।
- हम अपने परिचालनों में चक्रिलता के साथ-साथ अपशिष्ट के पुनर्पयोग, पुनर्चक्रण और पुनर्प्राप्ति को प्रोत्साहित करते हैं।
- हम खतरनाक पदार्थों के प्रयोग की निरन्तर निगरानी और प्रबंधन करते हैं।

## क्या करें और क्या न करें:

- पर्यावरण कानूनों एवं विनियमों, हमारी HSE नीति तथा ग्लोबल मैनेजमेन्ट सिस्टम का अनुपालन करें।
- आपके कार्य की पर्यावरण संबंधी आवश्यकताओं या दिशा-निर्देशों के बारे में जागरूक रहें।
- पर्यावरण संरक्षण करें और पर्यावरणीय प्रभावों व जोखिमों को कम करें।
- हमारे परिचालनों और मूल्य श्रृंखला के पर्यावरणीय कार्य-प्रदर्शन में सुधार के बारे में आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और अन्य व्यापारिक भागीदारों के साथ सक्रियता से चर्चा करें।





# उत्पादों व सेवाओं में जलवायु और चक्रिलता

- हम अपने पल्प (लुगदी), कागज़ और ऊर्जा के ग्राहकों को लंबे समय तक चक्रिलता, बंद चक्रों व नवीकरणीय और पुनर्चक्रित कच्चे माल के उपयोग द्वारा चक्रिलता को लागू करने में सक्षम बनाते हैं।
- हम अपने पल्प, कागज़ और ऊर्जा के ग्राहकों के लिए कार्बन न्यूट्रल उत्पादन को सक्षम बनाते हैं।
- हमारे फ़्लो कन्ट्रोल और ऑटोमेशन सॉल्यूशन सभी प्रक्रिया उद्योगों में पर्यावरण एवं सुरक्षा कार्य-प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाते हैं।
- हम ऊर्जा एवं संसाधन दक्षता में सुधार लाने के लिए अपनी प्रक्रिया प्रौद्योगिकी, ऑटोमेशन और सेवाओं का निरन्तर विकास करते हैं।
- हम ऐसी सेवाएं प्रदान करते हैं जो हमारे ग्राहक संस्थापित आधार (कस्टमर इन्सटॉल्ड बेस) के जीवन-चक्र का विस्तार और अनुकूलन करती हैं।
- हम ऐसे समाधान तैयार करते हैं जो अंतिम छोर के प्रयोक्ताओं के लिए सुरक्षित हों।

### क्या करें और क्या न करें:

- हमारे ग्राहकों को ऐसी सेवाएं व समाधान प्रदान करने के लिए सक्रियता से कार्य करें, जिनसे कम पानी, ऊर्जा और कच्चे माल की आवश्यकता होती हो, नवीकरणीय संसाधनों के उपयोग को सक्षम बनाएं और कम अपशिष्ट और उत्सर्जन का उत्पादन करें।
- ग्राहकों को उनके हरित संक्रमण में सहायता करें तथा जलवायु एवं चक्रिलता संबंधी समस्याओं/विषयों पर भागीदारों के साथ नवाचार करें।
- अपने सुरक्षा एवं टिकाऊपन के उद्देश्यों को समझने हेतु ग्राहकों के साथ सक्रियता से जुड़ें।

# उत्पाद और सेवा की गुणवत्ता

- हम अपने परिचालनों में तथा अपने ग्राहकों को प्रदान किए जाने वाले उत्पादों व सेवाओं में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम अपने ग्राहकों के साथ घनिष्ठता से परस्पर बातचीत करते हैं, ताकि उनकी आवश्यकताओं व अपेक्षाओं को भलीभांति समझकर स्थायी व्यापारिक संबंधों को सुनिश्चित कर सकें।
- हम संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में परिचालन हेतु एक समन्वित रीति को सुनिश्चित करने के लिए अपने “ग्लोबल मैनेजमेन्ट सिस्टम” को निरन्तर विकसित कर रहे हैं।
- हम सभी अपनी कार्य-गुणवत्ता और निरन्तर सुधार के लिए व्यक्तिगत उत्तरदायित्व लेते हैं।

### क्या करें और क्या न करें:

- सभी घटनाओं, अवलोकनों और सुधार संबंधी विचारों/सुझावों को रिपोर्ट करें ताकि हम अपने परिचालनों की गुणवत्ता में सुधार कर सकें।
- आपने जिस गुणवत्ता का वादा किया है, उसे पूरा करें।
- खराब गुणवत्ता को स्वीकार न करें।
- आपूर्तिकर्ताओं के पास गुणवत्ता नियंत्रण का होना सुनिश्चित करें।
- हमारे “ग्लोबल मैनेजमेन्ट सिस्टम” का सदैव पालन करें।






# सतत आपूर्ति श्रृंखला

- किसी भी आपूर्तिकर्ता के लिए हमारी सतत आपूर्ति श्रृंखला नीति को जानना और उस पर हस्ताक्षर करना Valmet के साथ व्यापारिक संबंध निर्मित करने का प्रारंभिक बिंदु है।
- हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से उत्तरदायी व्यापारिक संचालन करने और उच्च नैतिक मानकों का प्रदर्शन करने की अपेक्षा करते हैं, जैसा कि हमारी सतत आपूर्ति श्रृंखला नीति में निर्धारित किया गया है।
- हम अपने आपूर्तिकर्ताओं के सतत कार्य-प्रदर्शन और जोखिमों की जांच व निगरानी करते हैं।
- हम आपूर्तिकर्ताओं के साथ उनके परिचालनों और आपूर्ति श्रृंखला में टिकाऊपन और जलवायु संबंधी कार्रवाईयां विकसित करने के लिए जुड़ाव करते हैं।

### क्या करें और क्या न करें:

- हमारी सतत आपूर्ति श्रृंखला प्रक्रिया का पालन करें।
- सभी आपूर्तिकर्ताओं द्वारा हमारी सतत आपूर्ति श्रृंखला नीति पर हस्ताक्षर करना और उसका अनुपालन करना सुनिश्चित करें।
- आपूर्तिकर्ताओं के साथ टिकाऊपन अर्थात सततता को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करें।

# कदाचार को रिपोर्ट करना

- हम अपने कर्मचारियों व हितधारकों को बोलने और उनकी चिंताओं/सरोकारों को व्यक्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। कर्मचारियों को किसी परिस्थिति विशेष में सर्वोत्तम कार्रवाई करने संबंधी संदेह होने पर उनके मैनेजर्स या अन्य उपयुक्त कर्मचारियों से संपर्क करना चाहिए। कुछ करने से पहले पूछें।
- Valmet के कर्मचारी; हमारी आचार संहिता के विरुद्ध किसी भी संभावित उल्लंघन या अन्य कदाचार के बारे में उनके मैनेजर या HR, विधिक (कानूनी) या आन्तरिक लेखापरीक्षा प्रकार्यों के लिए उत्तरदायी हैं। कदाचार को रिपोर्ट करने में विफलता को अपने आप में एक अनैतिक व्यवहार माना जाता है।
- सभी मैनेजर्स का यह उत्तरदायित्व है कि यदि कोई उनके समक्ष किसी चिंता या सरोकार को जताता है तो उसे सुनें और उचित कार्रवाई करें।
- Valmet हमारी आचार संहिता के संदिग्ध उल्लंघनों को रिपोर्ट करने के लिए एक वेब-आधारित चैनल और कॉल सेन्टर, ट्रस्टलाइन (TrustLine) की पेशकश भी करता है। इसके द्वारा Valmet के कर्मचारियों व अन्य हितधारकों को अनाम रहकर और उनकी मातृभाषा में चिंताओं/सरोकारों को रिपोर्ट करने की सम्भाव्यता प्रदान की जाती है। यह रिपोर्टिंग चैनल एक बाह्य पक्ष द्वारा संधृत किया जाता है और इसे अनामिता (गुमनामी) की गारन्टी देने के लिए डिज़ाइन किया गया है जब तक रिपोर्ट करने वाले द्वारा स्वयं की पहचान का प्रकटन न किया जाता हो।
- हम संदिग्ध उल्लंघनों को रिपोर्ट करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए गोपनीयता को सुनिश्चित करते हैं।
- हम उन व्यक्तियों के विरुद्ध किसी भी प्रकार के प्रतिशोध को सहन नहीं करते हैं जो सद्भावपूर्वक अपनी चिंताओं या सरोकारों को व्यक्त करते हैं या संभावित उल्लंघनों की जांच में सहायता करते हैं।



हमारी आचार संहिता आपके लिए, मेरे लिए और हमारे साथ कार्यरत सभी लोगों के लिए है - हर जगह, हर दिन।

www.valmet.com

© Valmet Corporation, 10/2024